>

Title: Need to review the proposal for the shifting of "Save Grain Campaign " office, at jaipur, Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव : अध्यक्ष जी, मैं अन्न सुरक्षा अभियान के नाते बात कर रहा हूं। मुझे नोटिस मिला है।

अध्यक्ष महोदय : हम देख लेते हैं कि आपका कौन सा नोटिस आया है।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please look into it in the meantime.

श्री गिरधारी लाल भार्गव : अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे प्रार्थना कर रहा हूं। केन्द्रीय सरकार का कार्यालय है। जयपुर शहर में कार्यरत है। इस कार्यालय को पूना, लखनऊ और कानपुर में...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : क्या ये सेन्ट्रल गवर्नमेंट के ऑफिसेज हैं?

श्री गिरधारी लाल भार्गव : जी हां। आपका मुझे संरक्षण चाहिए वर्ना ये सारे कार्यालय ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपको जयपुर से तो कोई हटा नहीं सकता।

...(व्यवधान)

श्री गिरधारी लाल भार्गव : अध्यक्ष महोदय, यदि जयपुर शहर से इन कार्यालयों को उठाकर दूसरी जगह ले जाएंगे तो जयपुर का विकास बिल्कुल जर्जर हो जाएगा। ...(व्यवधान) इसलिए मैं आपसे प्रार्थना कर रहा हूं कि अन्न सुरक्षा अभियान कार्यालय जयपुर भारत सरकार के उपभोक्ता खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालयष नई दिल्ली के अधीन 1976 से राजस्थान राज्य के 32 जिलों के विभिन्न गांवों में किसान स्तर पर किसानों को अनाज भंडारण करने का वैज्ञानिक प्रशिक्षण देना उन्हें अनाज भंडारण के लिए धातु की टंकियां उपलब्ध कराना, उन्हें ईंट, सीमेंट की पक्की कोठियों का निर्माण करना, कृषि विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना, राशन की दुकानों का निरीक्षण तथा गुणवत्ता नियंत्रण हेतु अनाज के सैम्पलों का विश्लेषण कर रिपोर्ट मुख्यालय भिजवाना है। इसके साथ ही कार्यालय का स्वयं का भवन है,, वाहन, प्रदर्शन करते रहते हैं, प्रचार सामग्री तथा करोड़ों रुपये के उपकरण प्रयोगशाला से संबंधित है। इस कार्यालय से प्रदेश की जनता को काफी लाभ हो रहा है। इस कार्यालय को पूना, भुवनेश्वर, भोपाल और लखनऊ में कार्यालय खोलने का प्रस्ताव भारत सरकार ने दिया है। जयपुर शहर का कार्यालय चला जाएगा, इसमें कर्मचारी दुखी हो जाएंगे।

इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस महत्वपूर्ण कार्यालय को जयपुर स्थित कार्यालय से अन्य कहीं स्थानांतरित नहीं किया जाए। माननीय अध्यक्ष जी, मुझे आपका संरक्षण चाहिए वर्ना भारत सरकार मेरे जयपुर शहर को बर्बाद करने पर लगी हुई है। मैं समझता हूं कि भारत सरकार मेरी बर्बादी न करे, ऐसी मेरी आपसे प्रार्थना है।

अध्यक्ष महोदय : आप होने नहीं देंगे।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : श्री सी.के.चन्द्रप्पन- अनुपस्थित।